# प्रश्नबैंक

# विषय – हिन्दी

## प्रथम सत्र

## इकाई 1 से 3

**गुजरात शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, गांधीनगर**

कक्षा – 6

# अध्ययन निष्पत्ति की सूचि

| क्रम | निष्पत्ति क्रमांक | अध्ययन निष्पत्ति |
|---|---|---|
| 1 | H624.02 | विरुद्धार्थी शब्दों का वाक्य में प्रयोग करते हैं। |
| 2 | H624.01 | समानार्थी शब्दों का वाक्य में प्रयोग करते हैं। |
| 3 | H611.02 | परिचित विषय पर अपने विचार लिखित रूप में व्यक्त करता है\| |
| 4 | H629.01 | संज्ञा को समझकर वाक्य में प्रयोग करते हैं। |
| 5 | H613.02 | 'कौन' कारक के रूपोंवाले प्रश्नों के उत्तर लिखित रूप से देते हैं। |
| 6 | H618 | वर्णों पर से शब्दों की रचना करते हैं । |
| 7 | H615 | विरामचिह्नों का योग्य स्थान पर प्रयोग करते हैं। |
| 8 | H620 | समान प्रासवाले शब्द बना सकते हैं। |
| 9 | H632 | शब्दकोश का उपयोग करते हैं। |
| 10 | H619 | शब्द पर से वाक्य बना सकते हैं। |
| 11 | H637 | काव्य पंक्तियों को पढ़कर उनमें निहित भाव और विचारों को व्यक्त करते हैं। |
| 12 | H606 | छपी हुई सामग्री पढ़कर समझते हैं। |
| 13 | H613.02 | 'कौन' कारक के रूपोंवाले प्रश्नों के उत्तर लिखित रूप से देते हैं। |
| 14 | H603.02 | परिचित कविता सुनकर एवं पढ़कर समझते हैं। |
| 15 | H625 | मुहावरे का अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग करते हैं। |
| 16 | H611 | परिचित विषय पर अपने विचार मौखिक एवं लिखित रूप में व्यक्त करते हैं। |
| 17 | H623 | वाक्यों को सही क्रम में रखकर कहानी बनाते हैं। |
| 18 | H636 | चित्र देखकर या विवरण पढ़कर अनुमान लगाते हैं। |
| 19 | H606 | चित्र के आधार पर कहानी का वर्णन एवं लेखन करते हैं। |

**H 624.02** **विरुद्धार्थी शब्दों का वाक्य में प्रयोग करते हैं।**

## हेतुलक्षी प्रश्न

**प्रश्न 1(1) सही विकल्प चुनिए।** **(प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)** **(7)**

1. **'दयालु' शब्द का विलोम शब्द नहीं है?**
   A. निर्दय B. क्रूर C. कृपालु D. कठोर
2. **'बहुत' शब्द का विलोम शब्द बताइए।**
   A. अधिक B. थोड़ा C. प्रचुर D. काफी
3. **निम्नलिखित वाक्यों में से उस वाक्य को ढूँढ़िए, जिसमें 'बुराई' शब्द के विलोम शब्द का उपयोग किया गया हो?**
   A. एक छोटे से दुर्गुण के कारण उसने अपना सब कुछ खो दिया।
   B. उसके इस अवगुण के कारण कई समस्याओं का सामना करना पड़ा।
   C. हर व्यक्ति में कुछ ना कुछ दोष होता है।
   D. हमे हमेशा दूसरों की भलाई करनी चाहिए।
4. **'खुश' शब्द का विलोम शब्द ......................... है।**
   A. प्रसन्न B. आनंदित C. प्रफुल्लित D. नाखुश
5. **'प्रकाश' शब्द का विलोम शब्द है।**
   A. अंधकार B. उजाला C. तेज D. रोशनी
6. **विलोम शब्द की गलत जोड़ ढूँढ़िए ।**
   A. जन्म × मरण B. स्वस्थ × अस्वस्थ
   C. आदर × अनादर D. धरती × भूमि
7. **विलोम शब्द की सही जोड़ बताइए।**
   A. स्वामी × मालिक B. प्राण × जान
   C. शुभ × अशुभ D. गगन × आकाश

**प्रश्न 1(2) निम्नलिखित अनुच्छेद में से रेखांकित शब्दों का विरोधी शब्द लिखकर उस विरोधी शब्द का वाक्य में प्रयोग कीजिए ।** **(6)**

किसी नदी के किनारे <u>एक</u> बहुत <u>बड़ा</u> पेड़ था | उस पर एक बंदर रहता था | उस पेड़ पर बड़े <u>मीठे</u> फल लगते थे | बंदर उन्हें भर पेट खाता और मौज उड़ाता | वह अकेले में मजे में <u>दिन</u> गुजार रहा था | एक दिन एक मगर उस नदी में से पेड़ के <u>नीचे</u> आया | बंदर के पूछने पर मगर ने बताया कि वह वहाँ खाने की तलाश में आया है | इस पर बंदर ने पेड़ से बहुत से मीठे फल तोड़ कर मगर को खाने के लिए दिए | इस तरह दोनों की <u>दोस्ती</u> हो गई

**विरोधी शब्द के आधार पर सही जोड़े मिलाए |** **(5)**

**प्रश्न** 1(3) (अ) (ब)

1) दीन 1) राजा को प्रजा का अपयश मिला

2) मान 2) कचरे में से बहुत दुर्गन्ध आ रही थी |

3) यश 3) मेरा दोस्त बहुत धनी है |

4) सुगंध 4) मेरा भाई कुस्ती में कभी अपराजित नहीं रहा |

5) पराजित 5) महेश का विद्यालय में बहुत अपमान हुआ |

H 624.01 **समानार्थी शब्दों का वाक्य में प्रयोग करते हैं।**

## हेतुलक्षी प्रश्न

**प्रश्न** 2 **समानार्थी शब्दों के आधार पर सही जोड़ मिलाइए।** **(5)**

**प्रश्न** 2(1)

| **विभाग ‘अ’** | **विभाग ‘ब’** |
|---|---|
| देह | डंक मारना बिच्छू की प्रकृति है। |
| स्वभाव | मनुष्य का शरीर पंचतत्व से बना है। |
| अस्थि | हर्षित सुंदर गीत गाता है। |
| तट | छोटे बच्चों की हड्डियाँ कमजोर होती हैं। |
| तराना | वह समुद्र के किनारे टहल रहा था। |

**प्रश्न** 2(2) **निम्नलिखित वाक्यों में से रेखांकित शब्दों का समानार्थी शब्द लिखकर उन समानार्थी शब्दों का अन्य वाक्यों में प्रयोग कीजिए :** (10)


1) राधा का उपहार मीना को बहुत पसंद आया |
2) दीपक का प्रकाश चारों दिशाओं में एक समान फैलता है |
3) आकाश अनगिनत तारों से भरा है |
4) पूनम का चाँद गोल होता है |
5) सागर से अनेकों रत्न मिलते हैं|
6) ईश्वर ने दुनिया की रचना की है।
7) छोटा बच्चा गिर गया, तो उसकी अस्थि टूट गई।
8) भारत में एकता में विविधता देखने को मिलती है।
9) हमें सबके साथ ताल मिलाकर प्रार्थना गानी चाहिए।
10) तुम कड़ी महेनत करोगे, तो तुम्हारी प्रगति निश्चित है।

**प्रश्न** 2(3) **नीचे परिच्छेद में दिए गए रेखांकित शब्दों को ध्यानपूर्वक पढ़कर उनसे समानार्थी शब्दों की जोड़ी बनाकर लिखिए|**(HOT) (10)


मनुष्य को नदी का किनारा पसंद है| हम लोग धरती पर रहते हैं| कभी-कभी नदी के तट पर जाते है | उसका किनारा सुन्दर दिखाई देता है| वहाँ जाकर हम खुश हो जाते है| निर्दोष मनुष्य बेक़सूर होता है |उसे देखकर मन प्रसन्न हो जाता है |रस्ते मे पैर में काँटा लगने से रक्त बहने लगता है |जिसके कारण हम डॉक्टर के पास जाते हैं|तब कहीं पैर से लहू बंद होता है | भूमि पर बहुत से घर बने हैं|

**प्रश्न** 2(4) **नीचे दिए गए चित्रों को पहचानकर उनके दो-दो समानार्थी शब्द लिखें ।** (5)

उदाहरण :




समानार्थी शब्द : पहाड़, पर्वत,

1.  ......................................................

2.  ......................................................

3.  ......................................................

4.  ......................................................

5.  ......................................................

**प्रश्न** 2(5) **समानार्थी शब्दों को पहचानकर उचित विकल्प पसंद कीजिए |(प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)** **(5)**

1. **'रक्त' शब्द का समानार्थी शब्द कौन–सा है?**
   A. **भक्त** B. **लहू** C. **रिक्त** D. **भव्य**
2. **'विश्व' शब्द का समानार्थी शब्द सही नहीं है |**
   A. **संसार** B. **दुनिया** C. **अश्व** D. **जगत**
3. **'आकाश' शब्द का समानार्थी शब्द सही नहीं है |**
   A. **आसमान** B. **नभ** C. **गगन** D. **आनंद**
4. **'शरीर' शब्द का समानार्थी शब्द कौन–सा है?**

A. **देह** B. **मेघ** C. **जुबान** D. **हाथ**

5. **'पुष्प' शब्द का समानार्थी शब्द कौन-सा है?**

A. **फल** B. **फूल** C. **पेड़** D. **हवा**

611.02 **परिचित विषय पर अपने विचार लिखित रूप में व्यक्त करता है|**

**निबंध प्रकार के प्रश्न**

**प्रश्न** 3(1) **नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर पाँच वाक्य लिखिए |** (5)

1. तिरंगा
2. वृक्ष
3. सूरज
4. चन्द्रमा
5. नदी

**अति संक्षिप्त उत्तर वालें प्रश्न**

**प्रश्न** 3(2) **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए |** (5)

(1) 'नदियाँ अलग-अलग है फिर भी उनमें पानी है' | कवि ने ऐसा क्यों कहा है ?

(2) नन्ही प्रसन्न होकर क्या करने लगी ?

(3) शिकारी किन-किन प्राणियों का शिकार करता है ?

(4) जंगल में प्राणी क्या खाते होंगे ? विचार करके लिखिए |

(5) बिच्छू का स्वाभाव अलग होने के बावजूद भी नन्ही ने उसे क्यों बचाया ?

H629.01 **संज्ञा को समझकर वाक्य में प्रयोग करते हैं।**

**हेतुलक्षी प्रश्न**

**प्रश्न** 4(1) **सही विकल्प चुनिए। (प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)** **(5)**

1. **किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान या भाव को प्रकट करने वाले शब्दों को क्या कहते हैं?**

A. सर्वनाम B. संज्ञा C. विशेषण D. क्रिया

2. **'सब सापुतारा जा रहे थे।' वाक्य में संज्ञा शब्द कौन-सा है?**

A. सापुतारा B. सब C. रहे D. थे

3. **'हर्षित, तनीषा और यश पावागढ़ जा रहे थे। ' इस वाक्य में से कौन-सा शब्द संज्ञा नहीं है?**

A. पावागढ़ B. हर्षित C. रहे थे D. यश

4. **निम्नलिखित कौन-से वाक्य में संज्ञा शब्द का प्रयोग हुआ है?**

A. वह तेज दौड़ रहा था ।

B. मैं पढ़ रहा हूँ ।

C. तुम कहाँ जा रहे हो ?

D. सीता गाना गा रही है।

5. **निम्नलिखित कौन-से वाक्य में संज्ञा शब्द का प्रयोग नहीं हुआ है?**

A. मेज पर किताब रखी है ।

B. हम विद्यालय जा रहे हैं ।

C. क्या तुम्हें कुछ चाहिए ?

D. उसकी ईमानदारी पर मुझे गर्व है ।

**प्रश्न** 4(2) **नीचे दिए गए वाक्यों में जो संज्ञा हैं, उन्हें रेखांकित कीजिए |** (6)

(1) मोहन आम खा रहा था |

(2) मेरी बस राजकोट जा रही है |

(3) सागर का पानी खारा होता है |

(4) अहमदाबाद बहुत बड़ा शहर है |

(5) गिरनार गुजरात का ऊँचा पर्वत है |

(6) रामू को रामायण पढ़ना अच्छा लगा |

H 613.02 **'कौन' कारक के रूपोंवाले प्रश्नों के उत्तर लिखित रूप से देते हैं।**

## हेतुलक्षी प्रश्न

**प्रश्न** 5(1) **सही विकल्प चुनिए। (प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)** **(10)**

1. **इनमें से कौन-सा प्राणी जंगली है?**

A. गाय B. बाघ C. बकरी D. घोड़ा

2. **शिकारी को पछतावा क्यों होता है?**

A. शिकारी ने गोली मारी थी। B. हिरनी की आँखों में आँसू देखे थे।

C. हिरनी ने शावक को जन्म दिया था। D. हिरनी को अस्पताल ले गया था।

3. **गलत जोड़ पहचानिए।**

A. फूल - सुगंध B. सूर्य - प्रकाश C. नदी - पानी D. दिया - अंधेरा

4. **'शावक' शब्द का अर्थ बताइए।**

A. हिरनी का बच्चा B. शेर का बच्चा C. लोमड़ी का बच्चा D. सभी उत्तर सही हैं।

5. **'एक जगत, एक लोक' काव्य में कवि किस विचार को श्रेष्ठ मानते हैं?**

A. जीवन B. कर्म C. विश्वबंधुत्व D. प्रगति

6. **लोमड़ी अपने किस गुण के कारण जानी जाती हैं?**

A. घमंड B. चातुर्य C. सरलता D. नम्रता

7. **मनुष्य अपने किस गुण के कारण अन्य सबसे अलग है?**

A. वाणी B. आहार C. विहार D. निद्रा

8. **'एक जगत, एक लोक' काव्य का मुख्य विचार क्या है?**

A. एकता और समानता B. विविधता और अलगाव

C. प्रेम और नफ़रत D. प्रकृति और सौंदर्य

9. **'दयालु शिकारी' कहानी से क्या सीख मिलती है?**

A. पशुओं का शिकार करना चाहिए।

B. घायल पक्षियों को अस्पताल ले जाना चाहिए।

C. पशु-पक्षी के प्रति सद्भाव रखना हमारा कर्तव्य है।

D. प्राणियों का पालन पोषण करना चाहिए।

10. **शिकारी के हृदय परिवर्तन से समाज को क्या प्रेरणा मिलती है?**

A. हिंसा ही अंतिम समाधान है।

B. स्वार्थ से ही सफलता मिलती है।

C. करुणा और पश्चाताप से व्यक्ति बेहतर बन सकता है।

D. शिकार करना ही कर्म है।

**संक्षिप्त उत्तर वालें प्रश्न (प्रत्येक प्रश्न के दो अंक)**

**प्रश्न** 5(2) **प्रश्नों के उत्तर लिखिए |** **(14)**

(1) जंगल में कौन-कौन से जानवर देखने को मिलते हैं ?

(2) 'एक रक्त' का अर्थ समझाइए |

(3) काव्य का शीर्षक 'एक जगत -एक लोक' क्यों रखा गया है ?

(4) 'भलाई करना मेरा स्वभाव है' -यह वाक्य किसने कहा ?

(5) हमारा धर्म क्या होना चाहिए ?

(6) हिरनी जंगल में क्या खाती होगी ?

(7) आपने कौन-कौन से पशु देखे हैं |

H 618 **वर्णों पर से शब्दों की रचना करते हैं ।**

## हेतुलक्षी प्रश्न

**प्रश्न** 6(1) **वर्णों में उचित मात्रा लगाकर चार अर्थपूर्ण शब्द बनाइए । प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)** **(15)**

1. ह - ............................ , ............................
, ............................ , ............................
2. म - ............................ , ............................
, ............................ , ............................
3. ज - ............................ , ............................
, ............................ , ............................
4. ग - ............................ , ............................
, ............................ , ............................
5. र - ............................ , ............................
, ............................ , ............................
6. भ - ............................ , ............................
, ............................ , ............................

7. ल - ......................... , ..........................
, ......................... , .........................

8. क - ......................... , ..........................
, ......................... , .........................

9. च - ......................... , ..........................
, ......................... , .........................

10. छ - ......................... , ..........................
, ......................... , .........................

11 न - ...................... , ...................... ,
...................... , ...................... ,
......................

12 व - ...................... , ...................... ,
...................... , ...................... ,
......................

13 ख - ...................... , ...................... ,
...................... , ...................... ,
......................

14 झ - ...................... , ...................... ,
...................... , ...................... ,
......................

15 ट - ...................... , ...................... ,
...................... , ...................... ,
......................

**प्रश्न** 6(2) **निम्नलिखित आधी अधूरी मात्राओंवाले वर्ण समूहों में सही मात्रा लगाकर अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए |** **(5)**

1) मछल-
2) त्रिशल-
3) समाजक-
4) ताफा -
5) शाहरत-

**प्रश्न** 6(3) **निम्नलिखित शब्दों के अंतिम वर्ण में से आरंभ होनेवाले चार नए शब्द लिखिए |** (HOT) **(5)**

उदा. नमक- कमल,लता,तलवार

1) शरम-
2) जानवर-
3) दौलत-
4) भजन -
5) बागबान-

**H615** **विरामचिह्नों का योग्य स्थान पर प्रयोग करते हैं।**

### अति संक्षिप्त उत्तरवाले प्रश्न

**प्रश्न** 7 (1) **दिए गए वाक्यों में समाविष्ट विरामचिह्न पहचानकर उनके प्रकारों के नाम लिखिए।** **(5)**

1. बिच्छू को शैतानी सूझी।
2. नन्ही बोली, "भलाई करना मेरा स्वभाव है।"
3. बेटी! यह तुमने अच्छा काम किया है।
4. क्या हम कल पिकनिक पर जाएँगे?
5. माता-पिता की सेवा ही सच्ची पूजा है।

**प्रश्न** 7 (2) **निम्नलिखित कोष्ठक में दिए गए विरामचिह्नों का उपयोग करके परिच्छेद को फिर से लिखिए।** **(5)**

( । , " " ! - )

बिच्छू पछतावे से भर गया बोला नन्ही बहन आज तुम जीत गई मैं वचन देता हूँ कि अब मैं किसी निर्दोष जीव को डंक नहीं मारूँगा

### हेतुलक्षी प्रश्न

**प्रश्न** 7 (3) **जोड़ मिलाइए।** **(5)**

| | विभाग अ | उत्तर | विभाग ब |
|---|---|---|---|
| 1 | । | | इकहरा अवतरण चिह्न |
| 2 | ' ' | | अल्पविराम |
| 3 | ? | | पूर्ण विराम |
| 4 | ! | | विस्मयादि बोधक |
| 5 | , | | प्रश्नवाचक |

**प्रश्न** 7 (4) **वाक्यों में उचित विरामचिह्न लगाइए।** **(प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)** **(10)**

1. वैशाली ने मयंक से कहा घर चलो
2. वाह कितना सुंदर दृश्य है
3. तुम क्या कर रहे हो
4. क्या यह किताब तुम्हारी है
5. मेरी दादी रामायण पढ़ती हैं

6. राम सीता और मोहन घर गए

7. क्या तुम विद्यालय गए थे

8. महात्मा गांधीजी ने कहा है कि प्रार्थना आत्मा की खुराक है

9. सबके जीवन में सुख-दु:ख आते रहते हैं

10. बिच्छू गिड़गिड़ाने लगा बहन मुझ पर दया करो

---

**प्रश्न** 7 (5) **उचित विकल्प पसंद कीजिए |** **(प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)** **(5)**

(1) छोटा बच्चा सो रहा है |इस वाक्य में किस विरामचिह्न का उपयोग हुआ है ?

A.अल्पविराम B. पूर्णविराम C. प्रश्नवाचक चिह्न D. अवतरण चिह्न

(2) आपको जाने से किसने रोका ? इस वाक्य में किस विरामचिह्न का प्रयोग किया गया है?

A. अल्पविराम B. पूर्णविराम C. प्रश्नवाचक चिह्न D. विस्मयादिबोधक चिह्न

3. रामचरित मानस के लेखक 'तुलसीदास'हैं| इस वाक्य में किस विरामचिह्न का उपयोग किया गया है ?

A.इकहरा अवतरण चिह्न B. दुहरा अवतरण चिह्न C.निर्देशक चिह्न D. अल्पविराम

4. रमेश,सुरेश और दिनेव्श अंबाजी दर्शन करने गए | इस वाक्य में किस विराम चिह्न का उपयोग किया गया है ?

A.योजकचिह्न B.प्रश्नवाचक चिह्न C. अल्पविराम D. विस्मयादिबोधक चिह्न

5. मनोज -श्रीमानजी आपके पास कितने रुपये हैं ?

दिनेश -मेरे पास दो सौ रूपये है |इस संवाद में नाम के बाद किस विरामचिह्न का उपयोग हुआ है ?

A. योजकचिह्न B. निर्देशक चिह्न C. कोष्ठक चिह्न D.अवतरण चिह्न

**H620** **समान प्रासवाले शब्द बना सकते हैं।**

## अति संक्षिप्त उत्तर वालें प्रश्न

**प्रश्न** 8 (1) **नीचे दिए गए शब्द पर से दो समान प्रासवाले शब्द बनाइए।** **(प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)** **(15)**

जैसे ; भलाई – बुराई, अच्छाई

1. मानवता - .........................., .............................
2. आना - .........................., .............................
3. जेठानी – .........................., .............................
4. सुनकर – .........................., .............................
5. घबराहट – .........................., .............................
6. सामाजिक – .........................., .............................

7. शानदार – ........................., ............................

8. नागिन – ........................., ............................

9. चिड़िया – ........................., ............................

10. बागबान – ........................., ............................

11. बुध्द - ........................., ............................

12. शिक्षा – ........................., ............................

13. पानी – ........................., ............................

14. समान – ........................., ............................

15. आज - ........................., ............................

**प्रश्न** 8 (2) **दिए गए उदाहरण के आधार पर रिक्तस्थानों की पूर्ति करके अर्थपूर्ण शब्द बनाइए। (4)**

जैसे - सागर – गागर, मगर, नागर

1. पटरानी – महा...... नी, दे.........रानी, ........करानी
2. पढ़कर – सुन.... ....., ...... .......कर, खा.... ......
3. सुंदरता – मधु.... ......., ....दारता, वी......ता
4. खाता – भा...... ....., ......ता, सो......

---

**प्रश्न** 8 (3) **समान प्रास वाले शब्द से उचित विकल्प पसंद कीजिए | (5)**

**हेतुलक्षी प्रश्न**

1. 'समता' शब्द के लिए उचित प्रास वाला शब्द कौन-सा है?

   A.सामान B. ममता C. साधन D. समान

2. 'कर्म' शब्द के लिए उचित प्रास वाला शब्द कौन-सा है?

   A. मरम B. करम C. धर्म D. काम

3.'मानव' शब्द के लिए उचित प्रास वाला शब्द कौन-सा है?

   A.रावण B. सावन C. धान D. दानव

4.'तराना' शब्द के लिए उचित प्रास वाला शब्द कौन-सा है?

   A.जमाना B. सहारा C. हवाना D.तैरना

5.'देवरानी' शब्द के लिए उचित प्रास वाला शब्द कौन-सा है?

   A. नादानी B. नौकरानी C. सौतन D. चालाकी

**H632 शब्दकोश का उपयोग करते हैं।**

**अति संक्षिप्त उत्तर वालें प्रश्न**

**प्रश्न** 9(1) **दिए गए शब्दों को शब्दकोश के क्रम मे लिखिए।(प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)** **(10)**

1. बतख, आदत, हिरनी, खेद।
2. दयालु, प्रगति, अस्थि, निशान।
3. राष्ट्र, कहानी, हर्ष, संसार।
4. शावक, शर्मिला, शतरंज, शिकारी।
5. खरगोश, खत्म, खाना, खाली।
6. जानवर, जगत, जीवन, जन्म।
7. अंतर, अंतरिक्ष, अंगद, अंदाज।
8. कोमल, ज्ञान, क्षत्रिय, ऋतु।
9. भलाई, निर्दोष, मुसीबत, तट।
10. प्रसन्न, तमन्ना, अभिन्न, अन्न।

**प्रश्न** 9(2) **सूचना के अनुसार कीजिए।(प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)** **(10)**

1. अपने पाँच मित्रों के नाम लिखकर उन्हें शब्दकोश के क्रम में लिखिए।
2. अपने वर्गखंड की किन्हीं पाँच चीजों के नाम लिखकर उन्हें शब्दकोश के क्रम में लिखिए।
3. अपने परिवार के किन्हीं पाँच सदस्यों के नाम लिखकर उन्हें शब्दकोश के क्रम में लिखिए।
4. अपनी पसंद के पाँच फूलों के नाम लिखकर उन्हें शब्दकोश के क्रम में लिखिए।
5. किन्हीं पाँच पशुओं के नाम लिखकर उन्हें शब्दकोश के क्रम में लिखिए।
6. अभिवादन, पश्चात्, कुशल, पितामह इनमें शब्दकोश के क्रम के अनुसार तीसरा शब्द कौन-सा है ?
7. रक्षा, कठिन, असुर, अधिक इनमें शब्दकोश के क्रम के अनुसार प्रथम शब्द कौन-सा है?
8. अधिक, अपितु, हम, विनाश इनमें शब्दकोश के क्रम के अनुसार दूसरे क्रम में कौन-सा शब्द है?
9. सुंगध, संबंधित, साहित्य, सूरज इनमें शब्दकोश के क्रम के अनुसार चौथे क्रम में कौन-सा शब्द है ?
10. धरती, बगिया, किरण, चमक इनमें शब्दकोश के क्रम के अनुसार प्रथम शब्द कौन-सा है?

**प्रश्न** 9(3) **सुचना के अनुसार उत्तर दीजिए | (HOT)** **(5)**

**हेतुलक्षी प्रश्न**

**(1) शब्दकोश के क्रम के अनुसार तीसरा शब्द कौन-सा है ?**

A.अभिवादन B. पश्चात C. कुशल D. पितामह

**(2) शब्दकोश के क्रम के अनुसार प्रथम शब्द कौन-सा है ?**

A.रक्षा  B. कठिन C. असुर D. अधिक

**(3) शब्दकोश के क्रम के अनुसार दूसरा शब्द कौन-सा है ?**

A.अधिक B. अपितु C. हम  D.विनाश

**(4) शब्दकोश के क्रम के अनुसार चौथा शब्द कौन-सा है ?**

A.सुगंध B. संबंधित  C. साहित्य D. सूरज

**(5) शब्दकोश के क्रम के अनुसार प्रथम शब्द कौन-सा है ?**

A.धरती B. बगिया C. किरण D. चमक

**H619  शब्द पर से वाक्य बना सकते हैं।**

**अति संक्षिप्त उत्तर वालें प्रश्न**

**प्रश्न** 10(1) **नीचे कोष्ठक में दिए गए वर्ण की सहायता से सार्थक शब्द बनाइए और वाक्य में प्रयोग कीजिए।** **(5)**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| त्र | त | क | ली | फ |
| ग | भ | म | ती | क्र |
| कौ | श | ल | ऋ | सू |
| आ | मा | द्ध | ज्ञ | र्य |

1. शब्द - ....................................

   वाक्य - ..........................................................................................................................
2. शब्द - ....................................

   वाक्य - ..........................................................................................................................
3. शब्द - ....................................

   वाक्य - ..........................................................................................................................
4. शब्द - ....................................

   वाक्य - ..........................................................................................................................
5. शब्द - ....................................

   वाक्य - ..........................................................................................................................

**प्रश्न** 10(2) **(5)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **ए** | **द्ध** | **च** | **नि** |
| **ख** | **प्र** | **हि** | **शा** |
| **आ** | **स** | **मा** | **न** |
| **द** | **न्न** | **ल** | **क्र** |
| **त** | **घ** | **य** | **औ** |

1. शब्द .......................................

   वाक्य - ..............................................................................................................................

2. शब्द - .......................................

   वाक्य - ..............................................................................................................................

3. शब्द - .......................................

   वाक्य - ..............................................................................................................................

4. शब्द - .......................................

   वाक्य - ..............................................................................................................................

5. शब्द - .......................................

   वाक्य - ..............................................................................................................................

**प्रश्न** 10(3) **(5)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **र** | **श** | **म** | **ग** |
| **त** | **र** | **धा** | **ग** |
| **न** | **ग** | **थ** | **न** |
| **न** | **म** | **क** | **र** |
| **क** | **र** | **थ** | **ली** |

1. शब्द - .......................................

वाक्य - ..................................................................................................................

2. शब्द - ......................................

वाक्य - ..................................................................................................................

3. शब्द - ......................................

वाक्य - ..................................................................................................................

4. शब्द - ......................................

वाक्य - ..................................................................................................................

5. शब्द - ......................................

वाक्य - ..................................................................................................................

**प्रश्न** 10 (4) **नीचे दिए गए दोनों शब्दों का उपयोग करके एक वाक्य बनाइए |(प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)** **(5)**

(1) शब्द-पत्थर ,कबूतर

वाक्य:-.............................................................................................

(2) शब्द-कागज,चिड़िया

वाक्य:-.............................................................................................

(3) शब्द-अधूरा,सपना

वाक्य:-.............................................................................................

(4) शब्द-हिरनी,शिकारी

वाक्य:-.............................................................................................

(5) शब्द -कौआ,घड़ा

वाक्य:-.............................................................................................

**H637** **काव्य पंक्तियों को पढ़कर उनमें निहित भाव और विचारों को व्यक्त करते हैं।**

## हेतुलक्षी प्रश्न

**प्रश्न** 11 (1) **कविता पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **(प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)** **(5)**

सवेरे निकला सूरज,
लेकर उजियारा सुनहरा।
जाग उठी हैं, फूल की कलियाँ,
हँस पड़ा है बाग सुनहरा।
चिड़ियाँ चहक रही हैं डाली पर,
हरियाली मुस्काई है।
नया उजास, नई उमंगें,

धरती ने ली अंगड़ाई है।

प्रश्न-

1. सूरज अपने साथ क्या लेकर आता है ?
2. तुम्हारे अनुसार सुबह का समय क्यों आनंददायक होता है ?
3. यदि सूरज न निकलता तो ?
4. तुम्हें सुबह के समय कौन-सी बात सबसे सुंदर लगती है ? क्यों ?
5. कविता में चिड़ियाँ और फूलों के जरिए कौन-सा संदेश मिलता है ?

**प्रश्न** 11 (2) **कविता पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (प्रत्येक प्रश्न का एक अंक) (5)**

हम बच्चे भारत के प्यारे,
सपनों को सच करने वाले।
ईमान, मेहनत और लगन से,
नई राह पर चलने वाले।

न डरते हैं आँधी-तूफाँ से,
न झुकते हैं अत्याचारों से।
सच्चाई की ज्योत जलाएँ,
हम बनते हैं उजियारे से।

प्रश्न –

1. कविता में किन गुणों को अपनाने की बात की गई है ?
2. आप कौन-सा स्वप्न सच करना चाहते हैं ?
3. हमें सच्चाई के रास्ते पर क्यों चलना चाहिए ?
4. अत्याचार के सामने क्यों नहीं झुकना चाहिए?
5. इस कविता से हमें क्या प्रेरणा मिलती है ?

**प्रश्न** 11 (3) **कविता पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।(प्रत्येक प्रश्न का एक अंक) (5)**

मेरा भारत सबसे प्यारा,
इस पर सब कुछ है न्योछावर।
शेरों जैसा वीर है जवान,
सीमा पर देता है बलिदान।

हरे-भरे हैं खेत हमारे,
गाते पंछी हरित किनारे।
गंगा-यमुना बहती जाए,

जन-जन को ये प्यार सिखाए।

हम बच्चे हैं इसके नन्हे,

सपनों से हैं भरते कंठे।

सच्चाई का दीप जलाएँ,

भारत माता को शीश झुकाएँ।

प्रश्न –

1. वीर जवान क्या करते हैं ?
2. बारिश के मौसम में खेत कैसे हो जाते हैं?
3. भारत में कौन-कौन सी नदियाँ बहती हैं?
4. कविता में बच्चों की क्या भूमिका बताई गई है?
5. इस कविता से हमें क्या सीख मिलती है ?

**H606 छपी हुई सामग्री पढ़कर समजते हैं।**

**अति संक्षिप्त उत्तर वालें प्रश्न**

**प्रश्न** 12(1) **निम्नलिखित परिच्छेद को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।(प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)** **(5)**

ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति मनुष्य है। मनुष्य सृष्टि का सबसे श्रेष्ठ प्राणी है। इस श्रेष्ठता का कारण है कि मनुष्य के पास सोचने-विचारने के लिए बुद्धि होती है। भावना, कल्पना व दृढ़ता के लिए मन होता है। सुख-दु:ख के क्षणिक भावों से ऊपर और आनंद में लीन रहने वाली आत्मा जाग्रत रहती है। चलने और दौड़कर आगे बढ़ने के लिए शक्तिशाली पैर होते हैं। कार्य करने के लिए दो मजबूत हाथ होते हैं। फिर वह इस सबका उचित उपयोग करना भी जानता है। इन्हीं विशेषताओं के कारण मनुष्य को सृष्टि का सर्वश्रेष्ठ प्राणी कहा गया है।

प्रश्न –

1. मनुष्य को सृष्टि का श्रेष्ठ प्राणी होने का एक कारण बताइए ।
2. मनुष्य के स्वभाव की एक विशेषता लिखिए।
3. 'ईश्वर' शब्द का समानार्थी शब्द लिखिए।
4. मनुष्य मजबूत हाथों का उपयोग कैसे करता है ?
5. इस परिच्छेद को उचित शीर्षक दीजिए।

**प्रश्न** 12(2) **निम्नलिखित परिच्छेद को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।(प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)** **(5)**

योग एक कला है, जो हमारे शरीर, मन और आत्मा को एक साथ जोड़ता है और हमें मजबूत और शांतिपूर्ण बनाता है। योग आवश्यक है, क्योंकि यह हमें स्वस्थ रखता है, तनाव को कम करने में मदद करता है और समग्र स्वास्थ्य को बनाए रखता है। मनुष्य का स्वस्थ मन ही अच्छी तरह से ध्यान केंद्रित करने में सहायता कर सकता है। हम योग का अभ्यास करके आंतरिक शक्ति को बढ़ा सकते हैं। जाहिर है कि एक स्वस्थ व्यक्ति एक अस्वस्थ व्यक्ति की तुलना में अधिक काम कर सकता है। नियमित योग अभ्यास करने से हमारा शरीर सक्रिय रहता है, आलसीपन दूर होता है, शरीर में रक्त प्रभाव बढ़ता है, ध्यान केंद्रित करने की शक्ति बढ़ती है और मन प्रफुल्लित रहता है।

प्रश्नः-

1. शरीर, मन और आत्मा को कौन जोड़ता है?
2. योग क्यों आवश्यक है?
3. नियमित योग अभ्यास करने से क्या होता है?
4. स्वस्थ मन से क्या लाभ होता है?
5. इस परिच्छेद को उचित शीर्षक दीजिए।

**प्रश्न** 12(3) **निम्नलिखित परिच्छेद को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।(प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)** **(5)**

परोपकार से बढ़कर और कोई पुण्य नहीं है। वेदों और उपनिषदों में भी यही कहा गया है। भारतीय संस्कृति परोपकार के लिए जानी जाती है। महर्षि दधीचि ने वृत्रासुर से रक्षा करने के लिए देवताओं को अपनी अस्थियाँ दान में दे दी थी। राजा शिवि ने कबूतर की रक्षा के लिए बाज को अपना मांस काट कर खिलाया। देश को स्वतंत्र करने के लिए हजारों भारतीयों ने अपने प्राण त्याग दिए थे। दूसरों के कष्ट को अपनाकर देखिए। कष्ट में किसी का सहारा बनकर देखिए। दुखी व्यक्ति के दुख दूर हो जाने पर, उसके मुख पर मुस्कान के कारण यदि आप हैं तो आपसे महान और कोई नहीं है।

प्रश्न –

1. वेदों और उपनिषदों में क्या कहा गया है?
2. दूसरों के लिए किन-किन लोगों ने बलिदान दिए?
3. आपके मतानुसार महान कौन है?
4. स्वतंत्रता की लड़ाई में अपना बलिदान देनेवाले चार स्वातंत्र्य सेनानी के नाम लिखिए ?
5. अगर आपका मित्र मुसीबत में हो, तो आप कैसे मदद करेंगे ?

प्रश्न 12 (4) **निम्नलिखित परिच्छेद को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।(प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)** **(5)**

सच्चा मित्र एक शिक्षक की भाँति होता है। जिस प्रकार शिक्षक अपने छात्रों को सन्मार्ग की ही ओर अग्रसर करता है, उसी प्रकार एक सच्चा मित्र अपने मित्र को पाप की गर्त में गिरने से बचाता है। मानवजीवन अधिक रहस्य पूर्ण है। कभी-कभी जीवन में ऐसे अवसर उपस्थित हो जाते हैं, जब मनुष्य की धर्मबुद्धि नष्ट हो जाती है और उसका मन तेज गति से पाप की ओर दौड़ता है ऐसे समय में मित्र का ही उपदेश अधिक कल्याणकारी सिद्ध होता है । मित्र के उपदेश का जितना प्रभाव हृदय पर पड़ता है उतना और किसी का नहीं।

प्रश्न –

1. सच्चे मित्र कैसे होते हैं ?
2. बुद्धि भ्रष्ट होने पर क्या होता है ?
4. सच्चे शिक्षक का कर्तव्य क्या है?
5. मित्र के उपदेश का क्या प्रभाव पड़ता है ?
5. उपर्युक्त परिच्छेद का शीर्षक लिखिए।

**H613.02 'कौन' कारक के रूपोंवाले प्रश्नों के उत्तर लिखित रूप से देते हैं।**

**संक्षिप्त उत्तर वालें प्रश्न**

प्रश्न 13 (1) **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए।(प्रत्येक प्रश्न के तीन अंक)** (15 )

1. प्रकृत्ति के तत्व कौन- कौन से हैं ?
2. आपको बिच्छू और नन्ही में से कौन अच्छा लगा? क्यों?
3. अपने गाँव में पशु के घायल होने पर आप कौन -सा इलाज करते हैं ?
4. आपको कौन-सा पशु पसंद है ? क्यों ?
5. आपको कौन-सा व्यवसाय पसंद है? क्यों?

**H603.02 परिचित कविता सुनकर एवं पढ़कर समझते हैं।**

**संक्षिप्त उत्तर वालें प्रश्न**

प्रश्न 14 (1) **भावार्थ के संदर्भ में काव्य पंक्तियाँ लिखिए। (प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)** **(06)**

1. जीवन सुख-दु:ख की एक कहानी है।
2. धरती माता सभी की एक ही है ।
3. हर एक मनुष्य का रक्त एक समान है।
4. हम हर्षोल्लास के साथ आनंद के गीत गाते हैं।
5. सभी राष्ट्रों में एकता का भाव बनाए रखना हमारा कर्तव्य है ।

6. हमें हिलमिल के जग में विश्वशांति स्थापित करनी है।

**प्रश्न** 14 (2) **काव्य पंक्तियों का भावार्थ स्पष्ट कीजिए | (प्रत्येक प्रश्न के दो अंक)** **(12 )**

1. राष्ट्रों में ऐक्य यही कर्म हमारा
2. प्रगति, न्याय, मानवता, - धर्म हमारा
3. एक तेज, एक हवा, एक ही पानी
4. जीवन है सुख-दु:ख की एक कहानी
5. हर्ष भरे गाएँ हम राग सुहाने
6. समता और ममता के गीत - तराने

**H625 मुहावरे का अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग करते हैं।**

## संक्षिप्त उत्तर वालें प्रश्न

**प्रश्न** 15 (1) **निम्नलिखित परिच्छेद में से मुहावरे ढूँढ़कर उनके अर्थ लिखिए।(प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)** **(5)**

गर्मी की छुट्टियों में रीना गाँव गई थी। एक दिन उसकी दादी बहुत प्यार से कुछ समझा रही थीं, लेकिन रीना ने मोबाइल में मस्त होकर उनकी बात अनसुनी कर दी। थोड़ी देर बाद जब दादी गिर गईं और चोट लगी, तो रीना का मन डोलने लगा — उसे अपनी गलती का पछतावा हुआ। वह तुरंत दौड़ी और दादी को अस्पताल ले गई। डॉक्टर ने समय पर इलाज करके कहा, "तुमने इन्हें जीवनदान दे दिया।" यह सुनकर रीना को थोड़ी राहत मिली। पर जब सबके सामने उसकी गलती की चर्चा हुई, तो वह शर्म से पानी-पानी हो गई। घर लौटने पर दादी ने माफ किया और प्यार से गले लगा लिया, तो वह थिरकने लगी।

उदा. मन डोलना – विचार बदलना

वाक्य – नई नौकरी के प्रस्ताव को लेकर सुनिल का मन डोल रहा था।

**प्रश्न** 15 (2) **निम्नलिखित परिच्छेद में से मुहावरे ढूँढ़कर उनके अर्थ लिखिए।(प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)** **(5)**

राजू पढ़ाई से ज्यादा मोबाइल में गेम खेलने की आदत का गुलाम बन गया था। उसके माता-पिता बहुत परेशान रहते थे। एक दिन उसकी माँ ने पढ़ने के लिए प्यार से समझाया । उस दिन राजू ने वचन दिया कि वह मोबाइल छोड़कर मन लगाकर पढ़ाई करेगा। शुरुआत में उसका मन डोलता रहा, लेकिन धीरे-धीरे उसने खुद पर काबू पाया। मेहनत और लगन से उसने परीक्षा में पहला स्थान प्राप्त किया। स्कूल में वह अध्यापकों की आँखों का तारा बन गया। पुरस्कार समारोह में जब उसका नाम पुकारा गया, तो माता-पिता झूम उठे और मंच पर उसकी पीठ थपथपाई।

उदा. आदत का गुलाम होना – आदत से मजबूर होना

वाक्य – बिच्छू अपनी गंदी आदत का गुलाम था।

**प्रश्न** 15 (3) **निम्नलिखित परिच्छेद में से मुहावरे ढूँढ़कर उनके अर्थ लिखिए।(प्रत्येक प्रश्न का एक अंक)** **(5)**

रमेश हमेशा से अपनी आदत का गुलाम रहा था। सुबह देर से उठना और काम टालना उसकी फितरत बन गई थी। उसके दोस्त और परिवार वाले उसे समझा-समझाकर थक चुके थे, लेकिन वह सबकी अनसुनी कर देता था। एक दिन उसके छोटे भाई ने उससे वादा लिया कि वह अपनी इन आदतों को सुधारेगा। रमेश ने भी उस दिन वचन दिया कि वह अब से अपने समय का पाबंद होगा और हर काम पूरी लगन से करेगा। शुरुआत में उसका मन डोलने लगा। पुरानी आदतें उसे अपनी ओर खींच रही थीं, लेकिन जब उसे अपने भाई का चेहरा याद आता तो वह खुद को संभाल लेता। धीरे-धीरे उसे अपनी मेहनत का फल दिखने लगा। उसके काम की तारीफ होने लगी और उसे भीतर से खुशी महसूस होने लगी। अब तो सुबह उठते ही उसका मन थिरकने लगता था क्योंकि उसे पता था कि आज का दिन नई संभावनाओं से भरा है। उसने अपनी आदतों को बदलकर न सिर्फ अपना बल्कि अपने परिवार का भी मान बढ़ाया।

उदा. आदत का गुलाम होना – आदत से मजबूर होना

वाक्य – बिच्छू अपनी गंदी आदत का गुलाम था।

**H611** **परिचित विषय पर अपने विचार मौखिक एवं लिखित रूप में व्यक्त करते हैं।**

## निबंध प्रकार के प्रश्न

**प्रश्न** 16 **अपने विचार व्यक्त कीजिए।** **(प्रत्येक प्रश्न के पाँच अंक)** **(5)**

1 'भारत में विविधता में एकता' पर अपने विचार लिखिए।

2 कोई हमारे साथ बुरा व्यवहार करे तब भी हमें उसके साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए – क्यों ?

3 क्या किसी शिकारी का दयालु होना संभव है ? तर्क सहित उत्तर दीजिए ।

**H623** **वाक्यों को सही क्रम में रखकर कहानी बनाते हैं।**

## संक्षिप्त उत्तर वालें प्रश्न

**प्रश्न** 17 (1) **वाक्यों को सही क्रम में रखकर कहानी लिखिए।** **(5)**

1. शिकारी ने कबूतर पर निशाना लगाया।
2. डूबती हुई चींटी को कबूतर ने बचाया।
3. चींटी ने शिकारी को डंक मारा।
4. चींटी और कबूतर में मित्रता हो गई।
5. कबूतर उड़ गया।

**प्रश्न 17(2)** **वाक्यों को सही क्रम में रखकर कहानी लिखिए।** **(5)**

1. एक दिन मगर बंदर को अपने घर खाना खाने ले गया।
2. बंदर हररोज मगर को जामुन खिलाता था। जिससे दोनों में मित्रता हो गई।
3. "कलेजा तो पेड़ पर सुखाया है।" – ऐसा कहकर चतुराई से बंदर ने अपनी जान बचाई।
4. मगर की पत्नी को बंदर का कलेजा खाने की इच्छा हुई।
5. तालाब के किनारे जामुन के पेड़ पर एक बंदर रहता था और तालाब में एक मगर रहता था।

**प्रश्न 17(3)** **वाक्यों को सही क्रम में रखकर कहानी लिखिए।** **(5)**

1. नन्ही खुशी से थिरकने लगी।
2. भलाई करना मेरा स्वभाव है।
3. नन्ही बिच्छू की करुण आवाज़ सुनकर दौड़ती आ गई और बिच्छू को सूखे स्थान पर रख दिया।
4. बिच्छू ने नन्हीं को डंख मार दिया।
5. नन्ही अपने माँ के पास चली गई।

**H 636** **चित्र देखकर या विवरण पढ़कर अनुमान लगाते हैं।**

**अति संक्षिप्त उत्तर वालें प्रश्न**

**प्रश्न 18** **निम्नलिखित विवरण के आधार पर अपने विचार लिखिए। (प्रत्येक प्रश्न का एक अंक )** **(5)**


1. अगर पृथ्वी पर पशु-पक्षी ही न होते, तो ..............
2. अगर सभी मनुष्य देखने में एक समान होते, तो...............
3. यदि सुबह ही न होती, तो ...................
4. यदि बिजली (इलेक्ट्रिकसिटी) ही न होती, तो ...............
5. अगर मनुष्य की तरह पशु-पक्षी भी बोल सकते, तो ............................

**H606** **चित्र के आधार पर कहानी का वर्णन एवं लेखन करते हैं।(प्रत्येक प्रश्न के पाँच अंक)**


**अति संक्षिप्त उत्तर वालें प्रश्न**

प्रश्न 19(1) **चित्र देखकर कहानी लिखिए ।(प्रत्येक कहानी के पाँच अंक)** **(15)**

1.



2.




3.



प्रश्न 19(2) **नीचे दिए गए चित्र को देखकर बताइए कि इसके बाद क्या – क्या हुआ होगा ?( प्रत्येक चित्र के पाँच अंक)**

**1.**



**2. नीचे दिए गए चित्र को देखकर बताइए कि इसके बाद क्या – क्या हुआ होगा ?** (5)



**3. नीचे दिए गए चित्र को देखकर बताइए कि इसके बाद क्या – क्या हुआ होगा ? (5)**

